कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर
व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)–492002
Phone No.- 0771-2972780, Website- https://vyapamcg.cgstate.gov.in

प्री. पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा (Diploma Engineering) (PPT25)-2025

ऑनलाइन आवेदन करने की विधि

Online Application Form – PPT25 में क्लिक करते ही
“Application for Pre Polytechnic Entrance Exam (Diploma Engineering) (PPT25)”
का एक पेज खुलेगा′′ जिसमें दी गई जानकारी अनुसार कार्य करें ।

- ऑनलाइन आवेदन के साथ अभ्यर्थी की जाति, जन्मतिथि, स्थानीय निवासी, शैक्षणिक योग्यता आदि सम्बंधी प्रमाण–पत्र नहीं लिए जा रहे हैं। अभ्यर्थी के सभी प्रमाण–पत्र का परीक्षण काउंसिलिंग के दौरान की जाएगी। अभ्यर्थी द्वारा दी गई कोई भी जानकारी के लिए व्यापम जवाबदार नहीं होगा । इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व अभ्यर्थी का स्वयं का होगा ।
- आवेदन में हुई त्रुटि को फार्म जमा करने के लिए निर्धारित समय–सीमा के अवधि में सुधार अभ्यर्थी द्वारा किया जा सकेगा । इसके अलावा ऑनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि के पश्चात् भी 03 दिवस का अतिरिक्त समय दिया गया है ।
- आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक सबमिट करने के बाद कृपया इसका प्रिंट आउट अपने पास अनिवार्य रूप से रखें ।
- आवेदन भरने के पूर्व विभाग द्वारा जारी प्रवेश नियमों को ध्यान से पढ़े तथा पात्र होने पर ही आवेदन करें ।

Exam Pre-requisites :-

Domicile District (प्रोफाइल में दिया गया स्थानीय जिला दर्शित होगा)

Pre Polytechnic में प्रवेश हेतु अपेक्षित शैक्षणिक अर्हता :–

(1) डिप्लोमा इंजीनियरिंग एवं डिप्लोमा ऑर्किटेक्चर पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु (10+2) शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत मान्यता प्राप्त बोर्ड से गणित एवं विज्ञान विषय के साथ 10वीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण । (2) डिप्लोमा कास्ट्यूम डिजाईन एवं ड्रेस मेकिंग तथा डिप्लोमा इंटीरियर डेकोरेशन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु (10+2) शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण। (3) डिप्लोमा मार्डन ऑफिस मैनेजमेंट तथा डिप्लोमा होटल मैनेजमेंट एवं केटिरिंग टेक्नालॉजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु (10+2) शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण । (4) डिप्लोमा इंजीनियरिंग (लेटरल एण्ट्री द्वितीय वर्ष) में प्रवेश हेतु (10+2) शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा की परीक्षा अभातशिप द्वारा निर्धारित विषयों के साथ उत्तीर्ण अथवा डिप्लोमा इंजीनियरिंग (लेटरल एण्ट्री द्वितीय वर्ष) में प्रवेश हेतु (10+2) शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण एवं 2 वर्षीय आई.टी.आई. प्रमाण–पत्र (NCVT/SCVT) से जारी परीक्षा उत्तीर्ण ।

क्या आप Pre Polytechnic में प्रवेश हेतु अपेक्षित शैक्षणिक शैक्षणिक अर्हताएँ रखते हैं?
O Yes (हॉ)   O No (नहीं)

(हॉ की स्थिति में ही Pre Polytechnic हेतु फार्म भरने के लिए खुलेगा)

टीप – Basic Information/मूलभूत जानकारी, Other Information/अन्य जानकारी, Present Address स्वयं से आपके द्वारा दी गई **प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) से आ जायेगी ।**

Person with Disabilities (दिव्यांग की जानकारी दर्शित होगी)

Type of Disability (दिव्यांगता का प्रकार)

PWD Certificate No. – अंकित करें

PWD Certificate Issue Date – अंकित करें

Class/ श्रेणी

क्या आप किसी वर्ग (Eg. भूतपूर्व सैनिक) (थल सेना/नौ सेना/वायुसेना) में कार्यरत थे तथा जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा आपको पहचान पत्र जारी किया गया है)
Yes या No में से सेलेक्ट करें।

जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा प्रदत्त पहचान पत्र क्रमाँक – अंकित करें

रक्षा लेखक नियंत्रक (पेंशन) द्वारा जारी पेंशन भुगतान आदेश (पी.पी.ओ.) नंबर–अंकित करें

Select Prefered Examination District
Exam city का चयन करें

Declaration- (घोषणा) – इसमें यह दिया गया है कि –

''मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि, मैं भारत का नागरिक हूँ, मेरे द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में स्वयं के नाम, श्रेणी, वर्ग, जन्मतिथि, डाक पता एवं अन्य दी गई सूचना मेरी जानकारी एवं विश्वास में सही है, जिसके सत्यतापूर्वक और सही होने की मैं घोषणा करता/करती हूँ । मैंने विभाग द्वारा जारी प्रवेश नियमों एवं व्यापम के नियमों को पढ़ा है एवं समझा है । यदि ऊपर दी गई कोई भी जानकारी असत्य पायी जाती है तो प्रवेश प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर मुझे पूर्व सूचना दिये बिना मेरी अभ्यर्थिता समाप्त की जा सकती है।''

I Agree–/(मैं सहमत हूँ) –इसमें उपरोक्त Declaration घोषणा को पढ़कर समझने के बाद अपनी सहमति प्रकट करते हुए सहमत हूँ पर क्लिक करें ।

Captcha/कृपया कैप्चा को दर्ज करें ।
इसके पश्चात Submit में क्लिक करें ।

....